तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

13 वनांचल के गांवों में पहुंचे बीएमओ

14 राजिम व नवापारा में ट्रैफिक का जाल, जानलेवा रफ्तार और...

कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

खबर संक्षेप

परसदा में मनरेगा कार्य प्रारंभ

नवापारा-राजिम। मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत परसदा में तालाब खुदाई कार्य का प्रारंभ सरपंच रमेश वर्मा ने पूजा अर्चना करके किया। इस अवसर पर मनरेगा मेट टीकू यादव, रोजगार सहायक मिलेश साहू, मोहन हरिश्चंद्र साहू, इंद्राणी साहू, तेजराम साहू, राजेश साहू, भारती तारक मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए टीकू यादव ने बताया कि कुल 175 मजदूर का हाजिरी पायलट प्रोजेक्ट के तहत मनरेगा मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा किया जाना है जो छत्तीसगढ़ के चार जिले में लागू है। नर्सरी तालाब एवं भेलाव बैगा तालाब में मजदूरों द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसमें बेलवा बैगा तालाब में मजदूरी मूलक कार्य लाख 7 लाख 11000 की राशि है वही सामग्री में पचरी निर्माण हुआ है जिसका 2 लाख 45 हजार रुपया की राशि तथा नर्सरी तालाब में मजदूरी मूलक 6 लाख 70000 प्रशासनिक स्वीकृति हुई है एवं निर्माण कार्य के लिए 270000 की राशि मनरेगा द्वारा स्वीकृत हुआ है।

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने संभाला कार्यभार

गरियाबंद। गरियाबंद में 23 दिसंबर 2025 को भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी वेदव्रत सिरमौर ने गरियाबंद जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया है। कार्यभार संभालने के पश्चात उन्होंने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं सभी अधिकारियों के वर्तमान कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त किये साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त कार्यालयिन स्टाफ का मींटंग लिया गया। मीटिंग के दौरान सभी शाखा प्रभारियों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करते हुए समय सीमा में वरिष्ठ कार्यालय का प्रतिवेदन एवं जानकारी भेजने के संबंध में निर्देष दिया गया।

ग्राम अतरमरा में अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 26 से

छुईहा बेलर। भगवती मानव कल्याण संगठन जिला गरियाबंद इकाई के तत्वाधान में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन ग्राम अतरमरा(पाण्डुका) में 26 एंव 27 दिसंबर को किया जा रहा है। संस्था प्रमुख कार्यकर्ता भारत साहू चरभट्ठी(छुईहा) ने कहा उक्त कार्यक्रम में 24 घंटे तक माता भगवती आदिशक्ति मां जगत जननी जगदंबा का गुणगान किया जाएगा जिसके लिए तैयारियां जोरों से चल रही है। उक्त कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी एवं राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी जी विशेष रूप से शामिल हो कर मार्गदर्शन करेंगें। भारत ने आगे कहा की भगवती मानव कल्याण संगठन एक विश्वव्यापी संस्था है जो नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान- ▶▶ शेष पेज 12 पर

मांग : ग्रामीणों को एंबुलेंस और स्वास्थ्य सुविधाओं का नहीं मिल रहा है लाभ

बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण, एनएच पर चक्काजाम, 4 किमी लगी वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत साहेबिनकछार, नागेश, करलाझर, देवझरअमली, कोदोमाली ग्रामों के हजारों ग्रामीण आजादी के 79 वर्षों बाद भी मुलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लगातार सड़क, पुल पुलिया, स्कूल, शिक्षक, आश्रम, अस्पताल की मांग करते थक चुके सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण, महिला-पुरूष व बच्चे मंगलवार कड़ाके की ठंड में नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्यमार्ग में बम्हनीझोला में सुबह पहुंचकर नेशनल हाइवे के ऊपर बैठ चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा चक्काजाम किए जाने की जानकारी लगते ही प्रशासनिक अमला में हड़कंप मच गई और देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार 04 किमी तक लग गई। ग्रामीण शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते सड़क में बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे और सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी नेता अर्जुन सिंह नायक ने कहा ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ अफसरों के आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित

आश्रम को साहेबिनकछार में संचालित किया जाए

पूर्व सरपंच एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक रूपसिंह मरकाम ने कहा की हमारे साहेबिनकछार में आश्रम खोला गया था। इस आदिवासी आश्रम में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे लेकिन अफसरों ने धोखा देकर इस आश्रम को साहेबिनकछार से इंदागांव स्थानांतरित कर दिया जिसके कारण आज हमारे क्षेत्र के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे है आश्रम को तत्काल साहेबिनकछार में संचालित किया जाये। गांव में लाखो रूपये खर्च कर पेयजल टंकी लगाया गया है लेकिन टोटियो में पानी नही आ रहा है यही जल जीवन मिशन की हकीकत है और अफसर जिला और प्रदेश जल जीवन मिशन की फर्जी और झूठी सफलता की कहानी बता रहे है सच्चाई देखना है तो हमारे क्षेत्र के गांवो में आकर देखिए। इस दौरान कई आदिवासी नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया लगभग ढाई घंटे चक्काजाम से सैकड़ों वाहन जंगल में फसे रहे हजारों यात्री परेशान होते रहे।

इन 8 सूत्रीय मांग को लेकर कर रहे धरना-प्रदर्शन

1. मुख्यमार्ग बम्हनीझोला से साहेबिनकछार, कोदोमाली उड़ीसा, सीमा तक 25 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण, 2. इंदागांव में स्थानांतरित किये गये आदिवासी कन्या छात्रवास एवं कन्या शाला साहेबिनकछार को मूल स्थान पर संचालित किया जावें तथा भवन निर्माण किया जावें, 3 सभी विद्युत विहीन ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जावें, 4. ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम करलाझर, साहेबिनकछार, नागेश, कोदोमाली में वर्ष 2023 से स्वीकृत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत बन रहे अधुरे शाला भवनों को पूर्ण किया जावें, 5. माध्यमिक शाला साहेबिनकछार में युक्त-युक्तिकरण के तहत 1 शिक्षक की नियुक्ति हुई थी जो कि आज पर्यन्त तक अनुपस्थित है उसे तत्काल शाला में पदभार ग्रहण कराया जावें, 6. ग्राम साहेबिनकछार में जियो टॉवर लगाया गया है उसे तत्काल चालू कराया जावें, 7. उप-स्वास्थ्य केन्द्र करलाझार में विद्युत एवं नल-जल को चालू कराया जावें, 8. अधूरे पड़े नल-जल योजना को पुनः चालू कराया जावे।

शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण, एफएलएन और नवीन पाठ्यपुस्तकों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा डाइट के निर्देशानुसार, विकासखंड फिंगेश्वर के बीआरसी भवन में शिक्षकों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें सामाजिक विज्ञान, संस्कृत और प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए एफएलएन मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बीआरसीसी सुभाष शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सरल बनाना है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कला शिक्षण और पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण को शिक्षण पद्धतियों में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने शिक्षकों को व्यावहारिक बारीकियां सिखाईं। अरुण प्रजापति, प्रमेन्द्र कुमार नशीने, दिनेश्वर साहू, मनीषा साहू, ज्योति साहू और परमेश्वर साहू। असीम श्याम हरित, दीपक साहू और सुश्री प्रतिभा साहू। इन्होने विद्यार्थियों में कौशल विकास, सकारात्मक सोच और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति रुचि जागृत करने के व्यावहारिक पक्षों को स्पष्ट किया।

डाइट रायपुर की टीम ने किया अवलोकन

प्रशिक्षण की गुणवत्ता परखने के लिए डाइट रायपुर की उप-प्राचार्य संगीता यादव, गरियाबंद प्रभारी प्रतिभा सोनी, लीना नेम पांडे और छुरा प्रभारी नीरजा सातपुते की टीम ने केंद्र का दौरा किया और शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने छोटे-छोटे समूह बनाकर आपसी सहयोग से गतिविधि आधारित शिक्षण का अभ्यास किया। शिक्षकों ने अपने अनुभवों को साझा किया कि कैसे नवीन पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से कठिन विषयों को रोचक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक नंद कुमार यादव, रूपलाल साहू, किशोर निर्मलकर, सुनील पांडे सहित विकासखंड के बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

व्यावहारिक ज्ञान के लिए कृषि छात्र पहुंचे केवीके महासमुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय कृषि एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद के छात्रों का संस्थान संलग्नीकरन किया गया। इस क्रम में रावे के छात्र आगामी 14 दिनों की अवधि के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, महासमुंद में संलग्न हुए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र, महासमुंद के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केवीके प्रमुख, डॉ. आरएल शर्मा द्वारा किया गया। इस संस्थान संलग्नीकरण के दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ, डॉ. कुणाल चंद्राकार के सनिध्य मे छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र की कार्यप्रणाली, विभिन्न विस्तार गतिविधियों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रदर्शन इकाइयों, ऑन-फार्म ट्रायल्स तथा अनुसंधान एवं विस्तार के समन्वय की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। छात्रों को फसल उत्पादन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं अन्य सहायक कृषि उद्यमों से संबंधित व्यावहारिक एवं क्षेत्र आधारित ज्ञान प्राप्त होगा। यह संस्थान संलग्नीकरण छात्रें के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, क्योंकि इससे उन्हें कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहार में लागू करने का अवसर मिलेगा।परिणामस्वरूप, छात्रों की व्यावहारिक दक्षता, समस्या-समाधान क्षमता तथा कृषि विस्तार के प्रति सकारात्मक-दृष्टिकोण विकसित होगी। इस संस्थान संलग्नीकरण का आयोजन कार्यक्रम समन्वयक श्री लेखराम वर्मा एवं सह-समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार गौतम के द्वारा किया गया।

14 दिवसीय संस्थान संलग्नीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

कोपरा में 2 हजार महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कोपरा हाई स्कूल परिसर में आयोजित राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव का मंगलवार 23 दिसंबर को भव्य शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। दो हजार कलश लेकर नगर भ्रमण पर निकली माता-बहनों की सहभागिता से पूरा नगर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में डूब गया। कलश यात्रा का शुभारंभ माता गायत्री मंदिर से हुआ। देव कन्याओं के सान्निध्य में हजारों की संख्या में माता-बहनें पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा यज्ञशाला से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों और सभी दिशाओं में भ्रमण करती हुई शीतला माता मंदिर स्थित टेंगना तालाब पहुंची, जहां कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः यज्ञशाला लाई गई। इस दौरान शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे गुरुजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर में एक साथ हजारों कलशों के साथ निकली यह यात्रा अत्यंत मनोहारी एवं आलोकित करने वाला दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। नगर सहित आसपास के गांवों में धार्मिक वातावरण निर्मित हो गया है तथा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्वच्छता अभियान से दिया अनुशासन और सेवा का संदेश- आयोजन को सफल बनाने में जुटे गायत्री परिजन आयोजन को सफल बनाने में गायत्री महायज्ञ कोपरा से जुड़े टीकम राम साहू (जिला समन्वयक) पुरुषोत्तम यादव रोमन चंद्राकर, महेंद्र साहू, संतोष साहू, राजा ध्रुव, संतराम ध्रुव, टीकमचंद सेन सहित अनेक गायत्री परिजन ▶▶ शेष पेज 12 पर

तैयारियां पूर्ण, विशेष धार्मिक आकर्षण

गायत्री परिजनों द्वारा 51 यज्ञ कुंडों का निर्माण, रंगाई-पुताई एवं साज-सज्जा पूर्ण कर ली गई है। यज्ञशाला का निर्माण भी पूरा हो चुका है। आयोजन स्थल पर देवात्मा हिमालय की झलक-झांकी प्रदर्शित की जाएगी। परम पूज्य गुरुदेव, वंदनीय माताजी, मां गायत्री एवं सप्त ऋषियों की प्रतिमाएं नगर में पहुंच चुकी हैं, जिन्हें आकर्षक ढंग से यज्ञशाला में स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु 24 देव कन्याओं द्वारा 24 दिनों का अखंड जप स्थानीय गायत्री मंदिर में जारी है। प्रतिदिन प्रभात फेरी, दीप पूजन एवं धर्मध्वज वंदन किया जा रहा है।

जिले के 53 वनांचल ग्रामों को मिलेगी ग्रिड की बिजली 849 करोड़ का प्रस्ताव तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि भूतबेड़ा, कोचेंगा, कोकड़ी, गरहाडीह, गौरगांव, शोभा, अड़गड़ी, गोना के पाराटोला एवं आश्रित ग्राम इस प्रकार गरियाबंद जिले में कुल 53 ग्राम वर्तमान में सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत हैं। उन्होंने बताया इन गाँवों में स्थापित सौर संयंत्र का संचारण-संधारण का कार्य क्रेडा विभाग के माध्यम से किया जाता है। वर्तमान में मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत 45 ग्राम तथा गरियाबंद विकासखंड के अंतर्गत 08 ग्राम, इस प्रकार कुल 53 ग्राम गैर-परंपरागत तरीके (ऑफग्रिड) सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत हैं। जिसका परंपरागत तरीके से (ग्रिड) के माध्यम से विद्युतीकरण करने के लिए प्रस्ताव उच्च कार्यालय को प्रेषित की गई है। इन 53 ग्रामों में राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम भी शामिल हैं। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के विनियम के प्रावधानों के अनुसार संरक्षित क्षेत्रों (राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य संरक्षण रिजर्व, सामुदायिक रिजर्व) में विद्युतीकरण यथा-33 केव्ही एवं इससे निम्न वोल्टेज की विद्युत लाईनों के लिए भूमिगत ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ बिछाई जाएगी भूमिगत केबल

खबर संक्षेप

देह व्यापार का फरार आरोपी ढाई साल बाद गिरफ्तार

रायपुर। देह व्यापार के मामले में ढाई साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी पिंटू जायसवाल उर्फ गजेंद्र निवासी ग्राम बरमपुर थाना लालपुर मुंगेली के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में धारा 4, 5, 7 पीटा एक्ट एवं 370 भादवि के तहत अपराध दर्ज है। इस केस में पुलिस ने शंकर नगर स्थित द माइंड वेलनेस स्पॉ सेंटर में छापा मारकर मैनेजर आशियाना यादव (थर्ड जेंडर) एवं सहायक मैनेजर राकेश महानंद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 2 मोबाइल जब्त किए थे।

सवा दो लाख की चोरी मोबाइल भी किया पार

रायपुर। गुढ़ियारी क्षेत्र में एक ट्रेडर्स के दफ्तर में सवा दो लाख रुपए की चोरी हो गई। घटना 20 से 21 दिसंबर की दरमियान रात की है। प्रार्थी हर्षित सलूजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुढ़ियारी में उसकी सलूजा एजेंसी एंड ट्रेडर्स कंपनी का ऑफिस है। इस ऑफिस के ऊपर का दरवाजा तोड़कर कोई अज्ञात चोर अंदर प्रवेश कर गल्ला में रखे नकद दो लाख रुपए एवं 25 हजार कीमत का एक मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में चोरी का अपराध दर्ज किया है।

रेत का अवैध उत्खनन, चेन माउंटेन मशीन, हाईवा सहित मोटर बोट जब्त

रायपुर। राजधानी रायपुर के आरंग क्षेत्र अंतर्गत गाम समोदा तथा कागदेही रेत खदान में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। यहां रेत माफिया के लोग पनडुब्बी और चेन माउंटेन मशीन लगाकर नदी से रेत बाहर निकाल रहे थे। खनिज विभा की टीम ने चेन माउंटेन मशीन और मोटर बोट को जब्त किया है। इसी प्रकार रेत से भरे दो हाईवा को भी जब्ती बनाया है। खनिज विभाग की टीम ने शनिवार और रविवार को आरंग क्षेत्र की खदानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम समोदा खदान में मोटर बोट सक्शन मशीन (पनडुब्बी) लगी मिली। इसके माध्यम से यहां नदी से रेत बाहर निकाली जा रही थी। नदी के बाहर में कुछ स्थान पर रेत डंप की गई थी। टीम ने मोटर बोट, पाइप जब्त करने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ग्राम कागदेही में चेन माउंटेन मशीन से रेत का खनन किया जा रहा था। इस मशीन को भी जब्त कर उसके मालिक का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रकरण बनाया है। इस खदान को सील करने की कार्रवाई करते हुए उसके संचालक को नोटिस जारी किया है।

साढ़े 22 लाख से ज्यादा की रकम का गबन चार लोगों के विरूद्ध एफआईआर

महासमुंद। वसूली की रकम को कंपनी में जमा न कर गबन करने के मामले में सरायपाली थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामले की रिपोर्ट भारत फायनेशियल लिमिटेड शाखा सरायपाली के क्षेत्रीय प्रबंधक ने दर्ज कराई है। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक हेमेंद्र राजाराम जनबंधु पिता राजाराम ने सरायपाली थाने में दिए गए आवेदन में बताया कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समय-समय पर विभिन्न ग्राहकों को व्यापार हेतु लोन उपलब्ध कराती है।

पिथौरा में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, जिलेभर की टीमें ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पिथौरा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में पूरे जिले की विभिन्न टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को मंच देना और उनमें खेल के प्रति अनुशासन व प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के सभी मुकाबले ड्यूस बॉल से खेले जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तर के क्रिकेट का अनुभव मिलेगा। प्रतियोगिता के दौरान रोजाना रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, वरिष्ठ खिलाड़ी लोकनाथ बैगा डड़सेना, पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संयोजक व सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पार्षद संदीप सेन, प्रेमराजन भीमा रौतिया, कौशल मानिकपुरी, पुष्पकांत पटेल एवं अंजय सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेश निषाद ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने पिथौरा क्रिकेट अकादमी के प्रयासों की सराहना की। नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी एवं वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का माध्यम बनते हैं और खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संरक्षक लक्ष्मीकांत सोनी ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक और खिलाड़ी मौजूद रहे। पिथौरा क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

दूध कंपनी के विवादास्पद विज्ञापन पर उबाल, यादव समाज ने खोला मोर्चा

24 दिसंबर को प्रदेशव्यापी आंदोलन का आगाज

छुरा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक दुग्ध व्यवसाय और लघु पशुपालकों पर एक बड़ी निजी कंपनी द्वारा किए गए प्रहार ने अब एक बड़े विवाद का रूप ले लिया है। निजी दूध कंपनी द्वारा जारी एक प्रचार पत्रक (पंपलेट) को लेकर गौपालकों और यादव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज का आरोप है कि कंपनी ने अपने मुनाफे के लिए ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी ने रायपुर सहित अन्य क्षेत्रों में घर-घर एक पंपलेट बंटवाया है। इस विज्ञापन में दावा किया गया है कि गांवों से आने वाला खुला दूध दूषित होता है। पंपलेट में तर्क दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गायें गंदगी में बैठती हैं, दूध दुहने का स्थान अस्वच्छ होता है और दूध में गंदा पानी मिलाया जाता है। साथ ही जंग लगे डिब्बों और असुरक्षित वितरण प्रणाली का हवाला देकर लोगों को ग्रामीण दूध न खरीदने की सलाह दी गई है।

लघु व्यवसाय पर प्रहारः रमेश यदु- इस मामले पर सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य छोटे और मध्यम स्तर के दुग्ध व्यवसायों को खत्म करने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने का एक सोची-समझी साजिश है। ग्रामीण गौपालक सदियों से परंपरा और शुद्धता के साथ दूध का वितरण कर रहे हैं, जिन्हें इस तरह के भ्रमजाल से अपमानित करना निंदनीय है। इस दुष्प्रचार के विरोध में प्रदेशभर के पशुपालक लामबंद होने लगे हैं। भाटापारा, बिलासपुर, रायपुर और बलौदाबाजार क्षेत्रों में बैठकों का दौर शुरू हो गया हैः

24 दिसंबर (भाटापारा): भाटापारा के सहड़ा देव स्थल से पशुपालकों की एक विशाल रैली निकाली जाएगी। यह रैली एसडीएम कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री, पशुपालन मंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेगी।

26 दिसंबर (प्रदेशव्यापी): पूरे छत्तीसगढ़ में जिला कलेक्टरों और तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

पशुपालकों की मांग- पशुपालकों का कहना है कि वे अपनी गायों को संतान की भांति पालते हैं और उनकी स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हैं। एक निजी कंपनी द्वारा पूरे वर्ग को 'अस्वच्छ' बता देना न केवल उनके व्यापार बल्कि उनकी भावनाओं पर भी हमला है। समाज ने मांग की है कि कंपनी इस दुष्प्रचार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और शासन ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर तत्काल रोक लगाए।

बाबा ने दिखाया समूचे जगत के कल्याण का रास्ताः त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलटुकरी (अमावश) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर पर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग ने फूल-माला अर्पित कर अंचल की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

महिलांग ने कहा कि बाबा की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन में उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते हैं। संत गुरु घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देती है। आगे कहा कि गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। गुरु ने अपने जीवन में मानवता, एकता व समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के मानवता व समतामूलक विचार धारा मानव समाज को आपस में एक दूसरे को जोड़ती है। सतनाम संस्कृति आज प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। जहां ना कोई भेद-भाव है और ना ही नफरत। उन्होंने आगे कहा कि बाबा के उद्देश्य अनुरूप ग्राम पंचायत बेलटुकरी (अमावश) में सर्व समाज में समानता और एकता स्थापित है। उन्होंने ग्राम विकास व सामाजिक दायित्वों के लिए हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाज जन उपस्थित थे।

दस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर 13 दिसंबर से 22 दिसंबर तक का आयोजन किया गया। शिविर दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल एवं शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह के प्रारंभ में स्वामी शिवानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह प्रारंभ किया गया। आचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती का पुष्पहार से स्वागत किया गया। स्वामी द्वारा भजन प्रस्तुति के पश्चात योग मित्र मंडल के चंद्रशेखर साहू द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के निर्देशन में महासमुंद में योग शिविर का पींचा धर्मशाला, मानस भवन, स्वाध्याय केन्द्र, कर्मचारी भवन, सिन्धु धर्मशाला व योग भवन में लगातार यह 35वां वर्ष है। 35 वर्ष पूर्व शिविर के प्रारंभिक अवस्था में स्व. हेमंत राठौड़, डॉ. अमित अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू, किशोर शुक्ला ने अथक प्रयास का महासमुंद में योग का प्रचार-प्रसार किया, जिन्हें आज हम स्मरण करते हैं। इस वर्ष शिवानंद सरस्वती योग भवन में प्रातः व सायं के 3 सत्रों में 58 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। शिविर में स्वामी द्वारा आसन-प्राणायाम, गीतापाठ, भजन व योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। वहीं 21 दिसंबर को ग्राम कौंदकेरा फॉरेस्ट नर्सरी में शरीर शुद्धिकरण की क्रिया, दीर्घ शंख प्रक्षालन, कुंजल, नेती के अभ्यास कराये गये। जिसमें 40 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को डॉ. मधुराज देवांगन ने अपने अनुभव कथन व स्वामी ने नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभ के बारे में प्रकाश डाला। शांतिपाठ के साथ समारोह समाप्ति की घोषणा की गई।

इस अवसर पर चोईथराम राजपाल, दौलतराम चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, सेवन लाल चंद्राकर, परमानंद बजाज, चंद्रशेखर साहू, दाऊलाल चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर, मनीष श्रीवास्तव, विजय नंदवानी, हीरालाल साहू, प्रदीप चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर, महेश ध्रुव, डॉ. मधुराज देवांगन, एसएन बोस, किशोर शुक्ला, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, अजय गुप्ता, चंद्रिका चंद्राकर, गौतम सिन्हा व अन्य प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। संचालन व आभार प्रदर्शन तारेंद्र चंद्राकर ने किया।

शैक्षणिक भ्रमणः प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चे घूमे जंगल सफारी आदिवासी संग्रहालय में आदिवासी संस्कृति को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चों ने जंगल सफारी नंदनवन चिड़ियाघर और आदिवासी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। सुबह बस से जंगल सफारी नन्दनवन पहुँचकर बच्चे शिक्षकों व पालकों के साथ चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों को देखकर काफी रोमांचित हुए। बच्चे चिड़ियाघर में उत्साहपूर्वक सफेद बाघ, शेर, भालू, चीता, लकड़बग्घा, नीलगाय, मगरमच्छ, उदबिलाव, दरियाई घोड़ा, हिरण, मीरकैट नजदीक से देखकर बहुत आनंदित दिखे। बच्चे इस दौरान सूचना बोर्ड से पढ़कर जानकारियां भी लेते दिखे। बच्चों ने वहां झूला, फिसलपट्टी का आनंद भी लिया। चिड़ियाघर भ्रमण पश्चात आदिवासी संग्रहालय पहुंचकर जनजातीय समुदाय के जीवंत पहलुओं सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं जीवनप्रणाली का साक्षात्कार किया। इस दौरान बस्तर, सरगुजा की जनजातियों के रहन-सहन, विविधताओं, उनके पहनावे, जीवनयापन के विविध तरीकों को जाना। विभिन्न कलाकृतियों और ऑडियो-वीडियो विजुअल से बच्चों ने नयापन को समझा। बच्चों की उत्सुकता को प्रोत्साहित करते हुए बीच-बीच में प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर और पालक तिलक साहू द्वारा बच्चों के समूह को जानकारियां प्रदान करते रहे। वापसी में बच्चों ने वल्लभाचार्य की नगरी चंपारण का भ्रमण भी किए।

शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों के साथ शिक्षक रामेश्वर ढीढी, पुष्पलता पटेल, शाला प्रबंधन समिति से पिरीत राम साहू, पंच रामन ध्रुव, तिलक साहू, भोजराम साहू, दौलत दीवान, दुलारू यादव, मंसाराम सिन्हा, गुलाब ध्रुव, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, लक्ष्मी दीवान, बरतनीन दीवान सम्मिलित रहे।

कॉलेज में पानी, प्लास्टिक और पर्यावरण पर हुआ व्यापक जागरुकता कार्यक्रम

महासमुंद। शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय नवाचार के अंतर्गत 3पी, पानी, प्लास्टिक और पर्यावरण विषय पर एक व्यापक जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रस्तावना के साथ की गई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान समय में जल संकट और प्लास्टिक प्रदूषण वैश्विक चुनौती बन चुके हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि समय रहते प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग पर नियंत्रण नहीं किया गया।

पेज 11 के शेष...

बुनियादी सुविधाओं को...

टाइगर रिजर्व के नाम पर हमारे इस क्षेत्र के ग्रामों में सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीण बद से बदत्तर जिंदगी जीने मजबुर हो रहे है एंबुलेंस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने के कारण कई लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है हर बार ज्ञापन और आवेदन देने पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है इसलिए मजबुरन आज इस कड़ाके की ठंड में हम लोग चक्काजाम करने मजबुर हो रहे हैं। श्री नायक ने कहा की हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया जायेगा तो और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

अफसरों की समझाइस और आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित- चक्काजाम की जानकारी लगते ही भारी संख्या में पुलिस के बल मौके पर पहुंचे। वहीं अफसर भी दल बल के साथ पहुंचे ग्रामीणों को बहुत समझाया और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी श्री कुजुर एवं तहसीलदार श्री मेहता को ज्ञापन सौपकर चक्काजाम स्थगित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से आदिवासी नेता अर्जुन नायक, रूपसिंह मरकाम, दीपक मंडावी, हरिहर यादव, कुशल मरकाम, बैजनाथ नेताम, तिरथ नाग, तिलक मरकाम, रोहण मरकाम, खेलसिंह मरकाम, अरविंद नेताम, भानु सिन्हा, चैतीबाई नायक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कांती मरकाम, गोमती बाई, चंद्रोबाई, नाथुराम मांझी, दीपचंद ओटी, शंकरलाल, तिलकराम, पुस्तम मांझी एवं क्षेत्र से हजारो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम अतरमरा में अखंड...

चेतनावान समाज के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में पूरे छत्तीसगढ़ में अब तक लाखों लोगों को नशा मुक्त किया जा चुका है। संगठन 1 घंटे की आरती कम, 24 घंटे का चालीसा पाठ, एवं 5 घंटे के चालीसा पाठ के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक माहौल बनाने एवं नशा मांसाहार मुक्त समाज के निर्माण के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। उसी क्रम में ग्राम अतरमरा में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से 10 हजार से ज्यादा लोगों की जुड़ने की संभावना है।

कोपरा में 2 हजार...

सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। धर्म जागरण अभियान के अंतर्गत भानुप्रिया साहू, योगेश्वरी साहू (पूर्व सरपंच), यामिनी यादव, सीमा साहू, अर्चना ठाकुर भारती साहू ,सीमा साहू, देवकी साहू, छाया साहू, डागेश्वरी साहू केवरा साहू, संतोषी सेन ,कुमारी साहू, मोनिका साहू,द्वारा किया जा रहा है।प्रतिदिन प्रभात फेरी का क्रम भाइयों द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रेमलाल साहू,कोपेश्वर साहू, कोमल साहू, बिहारी निषाद, लक्ष्मण यादव, गोविंद राम कंवर का सहयोग रहता है। अन्य धर्मप्रेमी महिलाएं बीते एक सप्ताह से घर-घर संपर्क कर प्रचार-प्रसार कर रही हैं।

26 दिसंबर तक होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान- 24 दिसंबर को प्रातः 9 बजे देव आह्वान एवं देव पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ, दोपहर 3:30 बजे संगीतमय प्रवचन। 25 दिसंबर को प्रातः यज्ञ, दोपहर 1 बजे 500 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार, दोपहर 3 बजे युवा शक्तियों को जागृत करने हेतु विशेष उद्बोधन, शाम 4 बजे शांतिकुंज प्रतिनिधि का प्रवचन तथा रात्रि 7 बजे 2400 वेदियों का दीप महायज्ञ। 26 दिसंबर को प्रातः 9 बजे यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होने के पश्चात टोली की विदाई।

जिले के 53 वनांचल...

केबल के माध्यम से किये जाने पत्र लिखा गया है।

उक्त 53 ग्रामों के विद्युतीकरण के लिए 278.60 किमी. 11 केव्ही लाईन, 103.09 किमी. एल.टी. लाईन तथा 174 नग ट्रांसफार्मर लाईन विस्तार कार्य के लिए कुल राशि 849.49 करोड़ रुपये अनुमानित बजट की आवश्यकता होगी। अनुमानित राशि में एफसीए के लिए वर्तमान में लागू राशि भी सम्मिलित है तथा विद्युत कंपनी द्वारा वर्तमान में लागू सेड्यूल ऑफ रेट 2025-26 अनुसार प्राक्कलन राशि की गणना की गई है। उक्त ग्रामों को परंपरागत तरीके से विद्युतीकरण हेतु अत्यधिक बजट, फंड की आवश्यकता होगी। अतः किसी योजना में चयनित होने, बजट की व्यवस्था एवं वन विभाग से अनुमति उपरांत उक्त ग्रामों का विद्युतीकरण कार्य किया जाना संभव होगा।

इस बार फरवरी माह से ही प्रारंभ हो जाएंगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

पूरा नहीं हो सका पाठ्यक्रम अब शीतकालीन अवकाश में स्कूल खोलने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के कुछ जिलों में इस बार शीतकालीन अवकाश में भी कक्षाओं का संचालन होगा। इसके लिए बकायदा आदेश भी जारी कर दिए हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जिले के सभी शासकीय हाईस्कूल और हायरसेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संदर्भ में खत प्रेषित किया गया है।

इसके मुताबिक शीतकालीन अवकाश के दौरान पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए अनिवार्य रूप से कक्षाएं संचालित की जाएंगी। आदेश में कहा गया है कि जिन हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें शीतकालीन अवकाश में विशेष कक्षाएं संचालित करते हुए पाठ्यक्रम पूर्ण करने निर्देशित किया जाता है। स्कूलों से कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए योजना निर्माण कर उनका क्रियान्वयन करें। इसके लिए समय-सारिणी तैयार कर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए कक्षाएं संचालित करें। समय-सारिणी एवं योजना के संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय को अवगत भी कराया जाएगा। जिन शालाओं का में उक्त कक्षा का पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है, वे इस दौरान विगत 3 वर्षों के बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों के आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराना सुनिश्चित करेंगे। गौरतलब है कि मतदाता सूची गहन पुननिरीक्षण कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण अधिकतर स्कूलों में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सके हैं।

राजधानी में होगी मॉनिटरिंग : राजधानी रायपुर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्ण हो चुकी हैं। शीतकालीन अवकाश के बाद यहां के स्कूलों में परीक्षा परिणामों की मॉनिटरिंग की जाएगी। बोर्ड कक्षाओं के परिणाम और स्कूलों में पाठ्यक्रम की स्थिति के आधार पर आगे की योजना बनाई जाएगी। जहां पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सके हैं या जहां के परिणाम औसत से कम रहेंगे, वहां अतिरिक्त कक्षाएं संचालित होंगी। गौरतलब है कि जिले के छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में शामिल करने मिशन उत्कर्ष चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ही कई तरह के प्रयोग इस बार किए जा रहे हैं।

इस वर्ष परीक्षाएं जल्द

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित कराया जा रहा है। यह नियम बीते सत्र से लागू हो चुका है। मार्च-अप्रैल में आयोजित मुख्य परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित कर जुलाई-अगस्त में एक और मौका दिया गया था। द्वितीय मुख्य परीक्षा समय पर आयोजित हो सके और इसमें उत्तीर्ण छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए पर्याप्त वक्त मिल सके, इसलिए माशिम इस बार परीक्षाएं जल्द आयोजित करा रहा है। मार्च में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाएं इस बार फरवरी से ही प्रारंभ हो जाएंगी। प्रायोगिक परीक्षाएं भी 10 जनवरी के स्थान पर एक जनवरी से ही शुरू हो रही है। यही कारण है कि जिलों में पाठ्यक्रम पूर्ण करने कवायद शुरू कर दी गई है।

खबर संक्षेप

बिजली में मानस यज्ञ 15 से 19 जनवरी तक

छुईहा बेलर। ग्राम बिजली में 15 से 19 जनवरी तक रामचरितमानस यज्ञ शुरू हो रहे हैं। जिसमें शामिल होने वरिष्ठ लोगों को निमंत्रण देने सिरसीला जारी है। इसी क्रम प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला को निमंत्रण पत्र देने ग्रामवासी बिजली उनके निवास पहुंचे। उन्होंने 17 जनवरी को यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। ग्राम प्रतिनिधि के रूप में शुक्ला के निवास पहुंचने वालो में नंन्दुराम यादव सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, रूमन यादव, लीला राम पटेल, दौलत राम, कृपा राम निषाद ठाकुर राम यदू शामिल हैं।

क्षितिज को पुनः जिले की कमान, प्रदेश अधिवेशन में मिली अभाविप जिला संयोजक की जिम्मेदारी

मैनपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के भिलाई में आयोजित 58वें प्रांत अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हुई।जिसमें गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर निवासी छात्र नेता क्षितिजनारायण तिवारी को पुनः गरियाबंद जिले की कमान सौंपते हुए जिला संयोजक की बड़ी जिम्मेदारी दी गई। ज्ञात हो कि

क्षितिजनारायण नारायण तिवारी मूलतः गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक के गोहरापदर के निवासी है,बीते 5 वर्षों से विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभिन्न दायित्व में रहे हैं और निरंतर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहे पूर्व में गोहरापदर के नगर मंत्री,नगर कोष प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं, क्षितिज को बीते वर्ष हुए राजनांदगांव प्रांत अधिवेशन में जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई, विगत 1वर्ष में उन्होंने गरियाबंद जिले के अंदर छात्रें की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। विभिन्न आंदोलन, कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रहित सर्वोपरि रखकर विद्यार्थियों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाया और उसके निराकरण के प्रयास किए। श्री तिवारी के जिला संयोजक बनाए जाने पर विद्यार्थी परिषद प्रदेश मंत्री अनंत सोनी, पूर्व प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश, महाविद्यालय अध्यक्ष तानसिंह मांझी, विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, विभाग संयोजक भिषेक पांडेय, पूर्व जिला संयोजक रंजन यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद यादव, सूर्यश कश्यप, जयप्रकाश कुटारे, नवीन सिन्हा, नगर मंत्री लिकेश नागेश, योगेश निधि, वात्सल्य दीवान, मुकेश यादव, शुभम निषाद, कृष्णकांत वैष्णव, तेजस बीसी, यशवंत कश्यप,आकाश सोनी, भक्तचरण दौरा, अभिनव कश्यप, छबिलाल नागेश ने शुभकामनाएं दी।

प्रवचन : कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे प्रशांत महाराज ने श्रीराम जन्म की कथा सुनाई

अधर्म के नाश व धर्म की स्थापना के लिए होता है प्रभु का अवतार : प्रशांत महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे प्रशांत जी महाराज ने श्रीराम जन्म की दिव्य कथा सुनाई। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

महाराज श्री ने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि जब-जब इस धरती पर अधर्म बढ़ता है और मानवता संकट में होती है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने रामायण की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा जब जब होई धरम की हानि, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रभु आज भी प्रकट हो सकते हैं, लेकिन उसके लिए हमें अपने भीतर दशरथ जैसी मर्यादा, कौशल्या जैसी ममता, शबरी जैसी प्रतीक्षा और ध्रुव जैसी एकाग्रता विकसित करनी होगी।

अयोध्या सा सजा पंडाल, हुई पुष्प वर्षा

राम जन्म के प्रसंग के दौरान कथा स्थल को तोरण, गुब्बारों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। जैसे ही महाराज श्री ने भगवान के प्राकट्य का वर्णन किया, पूरा वातावरण सुहाना हो गया। मानस की स्तुति भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी के गायन के साथ ही देवताओं के रूप में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। भगवान के जन्मोत्सव की खुशी में समिति द्वारा श्रोताओं के बीच ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट, बिस्किट और खिलौने बांटे गए। तीसरे दिन की कथा के मुख्य यजमान डॉ. रमाकांत एवं श्रीमती हेमलता शर्मा रहे। संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि प्रशांत जी महाराज का छत्तीसगढ़ में यह पहला प्रवास है। उनकी ओजस्वी वाणी का आकर्षण ऐसा है कि नवापारा और राजिम के अलावा पारागांव, चंपारण, तर्री, रायपुर, आरंग, नारी, मंदलोर और चारामा जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुँच रहे हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक निरंतर चल रही है।

वनांचल के गांवों में पहुंचे बीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्वास्थ्य विभाग मैनपुर के बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल अमाड़, देवझरअमली, साहेबिनकछार, नागेश, बम्हनीझोला, तौरेंगा क्षेत्र के ग्रामो में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जायजा लेते हुए मौसम को देखते हुए सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्थिति पर नजर रखने के साथ ही सभी जगह दवा और अन्य व्यवस्थाओ को जायजा लिया। बीएमओ श्री ध्रुव ने बताया की मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों मे पर्याप्त दवा है और जहां कोई कमी है उसे पूरा किय जा रहा है अभी 195 बूथ में 21,22 एवं 23 दिसम्बर को 17 हजार बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक दी गई है।

मैनपुर में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित ग्राम पंचायत मैनपुरखुर्द में मंगलवार को भाग संख्या 98,99 एवं 100 के मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि बीएलओ उपस्थित थे। अब से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति मंगाई गई है ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026, 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले है वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है।

विधायक किया वनांचल का दौराः पलायन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम, संवेदनशील और पहुंचविहीन ग्रामों के दौरे पर रहे। खराब रास्तों के कारण विधायक स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उन्होंने गांव-गांव में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं और करोड़ों के निर्माण कार्यों में बरती जा रही अनियमितताओं पर कड़ी नाराजगी जताई। ग्राम तुहामेटा और भालुकोना पहुंचने पर विधायक को पलायन की दर्दनाक तस्वीर देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि कामकाज न होने के कारण भालुकोना, कंवरआमा, नारीपानी और विशेष पिछड़ी कमार जनजाति बहुल ग्रामों से सैकड़ों ग्रामीण आंध्रप्रदेश पलायन कर गए हैं। विधायक ने पाया कि घरों में केवल बुजुर्ग और छोटे बच्चे बचे हैं। माता-पिता और युवा सदस्य अगस्त महीने से ही बाहर चले गए हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में रोजगार के अवसर खत्म हो गए हैं, जिससे जनता पलायन को मजबूर है। ग्राम जिड़ार में निर्माणाधीन छात्रवास भवन का निरीक्षण करते हुए विधायक का पारा चढ़ गया। उन्होंने पाया क कार्यस्थल पर कोई सूचना पटल नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि कार्य किस विभाग या बजट से हो रहा है। मौके पर कोई सब-इंजीनियर या जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद घटिया पाई गई। इसके साथ ही भालुकोना में पिछले 3 वर्षों से अधूरे पड़े और घटिया स्तर के आंगनबाड़ी भवन निर्माण पर भी उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की बात कही। तुहामेटा में ग्रामीणों ने राशन दुकान से मिल रहे खराब और कंकड़युक्त चावल की शिकायत की। विधायक ने स्वयं निरीक्षण कर खाद्य अधिकारियों को फटकार लगाई। जिड़ार उप-स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन सीरिंज और जरूरी दवाइयों की कमी पाए जाने पर विधायक ने तत्काल बीएमओ को फोन कर दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समस्याओं के बीच विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने पुल-पुलिया और सड़क निर्माण के साथ सामुदायिक भवनों के लिए भूमिपूजन किया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। विधायक ने स्पष्ट कहा कि वनांचल की इन समस्याओं और अफसरों की मनमानी को वे आगामी विधानसभा बजट सत्र में प्रमुखता से उठाएंगे। इस दौरे में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, सुकचंद ध्रुव, निहाल नेताम, टिकम सिंह कपिल, और बड़ी संख्या में स्थानीय सरपंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

कबड्डी के महाकुंभ में पटेवा रायपुर ने मारी बाजी रोमांचक फाइनल में खुड़ियाडीही को दी पटखनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

खेल भावना, जोश और जुनून का अद्भुत संगम सोमवार रात छुईहा के कलार समाज भवन परिसर में देखने को मिला। राज्य स्तरीय दो दिवसीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का समापन सोमवार रात जेएस पटेवा (रायपुर) की खिताबी जीत के साथ हुआ। पटेवा की टीम ने 'छुईहा कबड्डी सागर ट्रॉफी' पर कब्जा जमाया, वहीं खुड़ियाडीही (छुरा) की टीम उपविजेता रही। रविवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में मेरठ (यूपी-बिहार), पटेवा, खुड़ियाडीही, छुईहा, रजनकटा और सुरसाबांधा सहित 18 से अधिक टीमों ने दमखम दिखाया। विशेषकर मेरठ की टीम ने अपनी तेज रेड से दर्शकों को प्रभावित किया, लेकिन जेएस पटेवा के मजबूत डिफेंस और सटीक रणनीति के आगे विपक्षी टीमें टिक नहीं सकीं। अतिथियों के हाथों विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रथमः जेएस

पटेवा (रायपुर) 10,000 एवं चैंपियन ट्रॉफी (प्रदाताः गरीबा सागर)। द्वितीय खुड़ियाडीही (छुरा) 7,000। तृतीय जामली – 5,000 (प्रदाताः घटारानी कबड्डी टीम)। चतुर्थ पथर्री 3,000 (प्रदाताः नेताम परिवार) पंचम अतरमरा 1,500 (प्रदाताः उखराज सिन्हा) इसके अलावा व्यक्तिगत कौशल के लिए बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर और बेस्ट ऑलराउंडर के पुरस्कार भी दिए गए।

कबड्डी हमारा गौरवः प्रवीण साहू- समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा, कबड्डी हमारी पारंपरिक पहचान और ग्रामीण अंचल का गौरव है। छुईहा में दिखा खिलाड़ियों का जज़्बा इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। मंच पर उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, सोमप्रकाश साहू, शेखर साहू और परदेशी सिन्हा जैसे गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उत्साह का केंद्र बना मैदान- मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर था। महिला और युवती दीर्घा से मिल रहे समर्थन ने खिलाड़ियों का जोश दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कोमल मंडावी, परदेशी राम सिन्हा और आशाकांत रजक की आँखों देखी कमेंट्री ने समां बांध दिया। निर्णायक दल में गुलाब नागेश और हरिसिंह नेताम सहित स्कोरर नरेश सिन्हा और टाइमर प्रभात सिन्हा का विशेष योगदान रहा। पुराणिक ध्रुव, राजू सिन्हा, अरुण साहू और समस्त सहयोगियों के प्रयास से यह प्रतियोगिता ग्रामीण खेल संस्कृति और अनुशासन का एक बड़ा उत्सव साबित हुई।

नपं अध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा...

राजिम। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने राजिम के सरकारी अस्पताल में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो 2 बूंद की खुराक पिलाया। इस अवसर पर अस्पताल स्टॉफ मौजूद थे।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार अमानवीय : कामदार

गरियाबंद। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सकलेन कामदार ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों, हिंसा, मंदिरों के अपमान तथा महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सभ्य समाज के मूल्यों के भी खिलाफ है। कामदार ने भारत सरकार से मांग की कि वह इस गंभीर विषय पर तत्काल कूटनीतिक और राजनीतिक हस्तक्षेप करे तथा बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि भारत क्षेत्रीय शांति और मानवाधिकारों का प्रहरी रहा है, इसलिए यह उसकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर अत्याचार तुरंत रुकवाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराए। सकलेन कामदार ने बांग्लादेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत को हल्के में न लिया जाए।

खबर संक्षेप

जिला साहू समाज के चन्दन बने जिला महासचिव

गरियाबंद। जिला साहू समाज संघ गरियाबंद के द्वारा कार्यकरणीय का विस्तार किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू ने सर्वसम्मति से चन्दन साहू को जिला महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया।यह जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सौंपी गई। सभी ने नव नियुक्त जिला महासचिव पर विश्वास जताते हुए कहा कि यह निर्णय युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने में अहम कदम हैं।नियुक्ति के बाद उपस्थित पदाधिकारियों ने चन्दन साहू को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाते हुए समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम में समाज को संगठित करने और विकास की दिशा में कार्यरत रहने का संकल्प भी दोहराया गया।इस अवसर पर कुलंजन साहू, सोमप्रकाश साहू, जगन्नाथ साहू, चंद्रशेखर साहू, कमलेश साहू, बीरेंद्र साहू, रामकुमार साहू, जगदीश साहू, राधेश्याम साहू, शशिकला साहू, अश्वनी साहू, नोखेलाल साहू, नीलकंठ साहू, राजेश साहू, रवि साहू, शेष नारायण साहू, नेहरू साहू सहित सामाजिक बंधू गण एवम सर्वसमाज से प्रीतम सिन्हा, गोरेलाल सिन्हा खिलेश्वर गोस्वामी, महेंद्र सहिस, सहित सभी लोगों ने भी बधाई दी हैं।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने इमरान अली

छुरा। भारतीय जनता पार्टी ने इमरान अली को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता की दिशा में बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा, रायपुर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद व राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू, खाद्य आयोग अध्यक्ष व पार्टी प्रवक्ता संदीप शर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इमरान अली को शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक मोर्चा जिला प्रभारी असगर अली, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आसिफ़ मेमन, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद सहित वरिष्ठ नेताओं रामलाल कुलदीप, रिंकू सचदेव, चिरंजीव देवांगन, सरवर खान, इमरान मेमन, इस्माइल खान, अजमेर खान ने भी उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूती मिलने की बात कही। इमरान अली लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अल्पसंख्यक समाज के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सामाजिक मुद्दों पर सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा न सिर्फ सक्रिय होगा, बल्कि सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष इमरान अली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव के साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना पर आधारित हैं। मैं पूरी निष्ठा से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करूंगा और अल्पसंख्यक समाज तक सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने का कार्य करूंगा।

समस्या : व्यापारियों ने सड़क तक फैला रखा है अपना सामान जिससे आवाजाही हो रही प्रभावित

राजिम व नवापारा में ट्रैफिक का जाल, जानलेवा रफ्तार और आधे-अधूरे विकास से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

दो जिले गरियाबंद और रायपुर के बीच महानदी की आड़ में दो शहर राजिम और नवापारा है। दोनों शहर में ट्रैफिक का बुरा हाल है। राजिम की सड़क काफी सकरी है। इस सकरी सड़क में एक गाड़ी जा सकती है और दूसरी गाड़ी आ सकती है। यदि इनके पीछे में आप चल रहे है तो शहर के आऊटर में ही आपको साइड मिल पाएगा। तब तक आपको धैर्य रखना पड़ेगा। मतलब महासमुंद मार्ग पर कृषि ऊपज मंडी और ईधर गरियाबंद मार्ग पर चौबेबांधा तिराहा के बाद ही साइड मिलेगा। बात यदि रायपुर मार्ग की करे तो सांई मंदिर से पीछे चलते हुए कम से कम दो किलोमीटर बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल,नदी क्रास करने के बाद मैडम चौक,चंपारण चौक,नवापारा बस स्टेण्ड से लेकर 3 किमी कुर्रा गांव तक साइड मिलने के बारे में सोचिये ही मत ! कमोवेश यही हाल नवापारा के कुर्रा गांव से लेकर राजिम के चौबेबांधा मार्ग तक रहता है। इस तीन किलोमीटर के दायरे में दुपहिया से लेकर छोटी-बड़ी गाड़ियो का इस कदर सड़को पर दबाव रहता है कि कब कहां पर दुर्घटना हो जाए ! कहा नही जा सकता। हर गाड़ी रफ्तार में रहती है। चौक-चौराहो और कै चीफांस रोड तथा तिराहो पर भी तेज चलने वाली गाड़ियों की गति कम नही होती। ऊपर से तुर्रा यह कि सुबह 6 बजे से लेकर 11 बजे तक कम से कम 50 रेत भरे ट्रेक्टर पूरे सड़क भर इस कदर जानलेवा रफ्तार में दौड़ते है कि कहीं पर भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी होती है। एक तो ट्रेक्टर का ब्रेक मौके पर लगता नही ऊपर से रफ्तार। जितने भी ट्रेक्टर है सब आसपास के गांव के। इनके चालक भी नौसीखिए। लेफ्ट-राइट , बाएं-दाएं का ज्ञान नही अथवा जानबूझकर ईधर से उधर काटते हुए निकालते है। इस पर किसी का नियंत्रण नही है।

कुर्रा से लेकर महानदी पुल तक चौड़ीकरण का काम अधूरा

राजिम धर्मनगरी होने के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र भी है लिहाजा रोज कई हजारों की संख्या में जिस हिसाब से लोगों का आना-जाना है उसी हिसाब से गाड़ियो का अंबार भी लगता है। बात यदि नवापारा शहर की करे तो यहां कुर्रा से लेकर महानदी पुल तक चौड़ीकरण का काम हुआ जरूर है मगर आधा-अधुरा! रोड डिवाइडर बनाया गया है मगर उसमें न तो रैलिंग लगाया गया है और न ही पेड़-पौधे। परिणाम यह है कि ये डिवाइडर लावारिश मवेशियों के बैठने का काम आ रहा है और आसपास के लोगों के लिए कचरा फेंकने का। चौड़ीकरण हुए साल भर से ज्यादा का समय बीत चुका है मगर रोड डिवाइडर का खस्ताहाल संबंधित विभाग के अफसरों के लापरवाही को उजागर करता है। आखिर इस पर रेलिंग और पेड़-पौधे क्यो नहीं लगाया जा रहा है? जबकि चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत 29 करोड़ की राशि में ये भी शामिल है। इस विभाग के अधिकारी रायपुर में रहते है इसलिए नवापारा शहर के दर्द से उन्हें कोई वास्ता नहीं है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा? समझ से परे है। विभागीय अफसरों की मनमानी इतनी है कि इस 3 किमी के मार्ग में एक भी जगह स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाया है। शायद सबको हजम कर गए है। स्थानीय निवासी इस गंभीर समस्या को झेलते हुए विभागीय अफसरों का कई बार ध्यान आकर्षित किए मगर उनके कानों में जूं तक नही रेंग रही।

पंडित सुंदरलाल शर्मा और गोवर्धन पारा चौक तक ट्रैफिक का है बुरा हाल

ईधर सड़क तक लोग अपने व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते है। गाड़ियों को साइड लेने के लिए जगह नहीं मिलता। राजिम के फारेस्ट नाका से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक और आगे गोवर्धन पारा चौक तक ट्रैफिक का बहुत ही बुरा हाल रहता है। सकरी सड़क होने के कारण पुलिस भी आखिर करे तो करें क्या? राजिम की सड़कों का चौड़ीकरण यदि निकट भविष्य में नहीं हुआ तो आने वाले समय में सारे लोगों को परेशानियां झेलने के लिए मजबूर ही रहना होगा। हर कोई चाहता है कि सड़क का चौड़ीकरण हो।

पढ़ाई के साथ-साथ खेल जरूरी : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शास राजीवलोचन महाविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालयीन बॉल बेडमिंटन प्रतियोगिता में 6 महाविद्यालय की टीम शामिल रही। जिसमें गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद,सेठ फूलचंद महाविद्यालय नवापारा, पीजी कॉलेज महासमुंद, हीरालाल काव्य उपाध्याय महाविद्यालय अभनपुर, नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर एवं मेजबान राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम शामिल थे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ समीक्षा चंद्राकर ने कहा

- **बॉल बैडमिंटन में नेताजी कॉलेज अभनपुर और कुरूद कॉलेज का रहा दबदबा**

कि खेल हमारे महाविद्यालय में बहुत दिनों बाद हुआ है। इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में नेताजी महाविद्यालय अभनपुर की पुरुष टीम विजेता एवं महासमुंद महाविद्यालय की टीम उपविजेता व तृतीय स्थान पर राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम रहा। महिला वर्ग में कुरूद महाविद्यालय की टीम विजेता एवं नेताजी महाविद्यालय अभनपुर उपविजेता रही। तृतीय स्थान पर हीरालाल काव्य उपाध्याय महाविद्यालय अभनपुर की टीम रही।

छुरा की भावना ध्रुव का कमाल, बेंगलुरु के आईआई एससी में लेंगी सेमी-कंडक्टर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा अब राष्ट्रीय फलक पर चमकने लगी है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसंबुड़ा की कक्षा 11वीं (विज्ञान संकाय) की मेधावी छात्रा भावना ध्रुव ने अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सेमी-कंडक्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी जगह बनाई है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति और जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। इस प्रशिक्षण में देशभर के चुनिंदा मेधावी आदिवासी छात्र-छात्राओं को आधुनिक विज्ञान और सेमी-कंडक्टर जैसे भविष्य के उभरते क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। भावना की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता ने भावना ध्रुव को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। प्रातःकालीन सभा में इस सफलता को सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया, ताकि अन्य छात्र भी इससे प्रेरित हो सकें। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा की यह उपलब्धि विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र के छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएं। भावना ध्रुव का चयन न केवल कोसंबुड़ा विद्यालय, बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के लिए गौरव की बात है। शिक्षकों ने विश्वास जताया है कि सेमी-कंडक्टर जैसे तकनीकी विषय में प्रशिक्षण प्राप्त कर भावना भविष्य में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

रसेला मंडल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला मंडल अंतर्गत ग्राम कुड़ेरादादर स्थित दुर्गा मैदान में सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में सनातन संस्कृति, धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह सम्मेलन रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राष्ट्रीय संघ सुरक्षा परिषद के प्रदेश सचिव संत अंजनी नंदन शरण महाराज उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती चंद्रकला यादव (गायत्री परिवार) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू रहे। अपने संबोधन में संत अंजनी नंदन शरण महाराज ने सनातन संस्कृति की महान परंपराओं, भारतीय जीवन मूल्यों एवं सामाजिक समरसता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से धर्म, संस्कार और संस्कृति से जुड़कर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता भुनेश्वर साहू ने सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारे और संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीमती चंद्रकला यादव ने गायत्री परिवार के विचारों के माध्यम से नैतिक मूल्यों, सदाचार और आत्मिक उत्थान का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मानस मंडली कुड़ेरादादर द्वारा भक्तिमय एवं प्रेरणादायी प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। पूरे आयोजन का सफल मंच संचालन अभिमन्यु ध्रुव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नारायण ठाकुर (पूर्व सरपंच), ओमप्रकाश दीवान, दीपचंद साहू, चमन जगत, पुनेश साहू, किरण प्रकाश ध्रुव, भीखम साहू, फीरू जगत, सेवक साहू, ईश्वर यादव, ओम प्रकाश यादव, बालेश्वर यादव, केजू राम ध्रुव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

भुजिया समाज के अध्यक्ष सहित युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

वनांचल क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जहां स्थानीय लोग, युवा और सामाजिक संस्थाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जिससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सकें और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़े। हाल ही में पीपरछेडी, कनसिघी और अन्य स्थानों पर ऐसे शिविरों में अच्छी मात्रा में रक्त एकत्र किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम पीपरछेडी में भुजिया समाज के अध्यक्ष ग्वाल सोरी ने रक्तदान कर क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। ग्वाल सिंह सोरी ने अपने संदेश में कहा कि रक्तदान को महादान बताया गया और इसे जीवनदायिनी सेवा के रूप में प्रचारित किया गया। समाज सेवी मनोज पटेल ने आयोजन का उद्देश्य के बारे में बताया कि ऐसे शिविर स्थानीय लोगों को जीवन हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हैं। सरपंच लक्ष्मी दीवान कहा कि वनांचल क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि दूरदराज के इलाकों में भी रक्त की कमी न हो, जिससे गंभीर चिकित्सा स्थितियों में मरीजों की जान बचाई जा सके। साथ ही साथ इस आयोजन में स्वस्थ नागरिकों को अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की गई। जनपद सदस्य रजन्तीन सोरी ने कहा कि रक्तदान से किसी का जान बचाया जा सकती है। सभी रक्तदाताओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीपेश दीवान, लोकेश नेताम, नरेश सोरी, कल्याण सिंह कपील, अधीक्षक राकेश कुमार, मुलसिग ठाकुर, रामभरोसा नेताम, खगेश्वर भुजिया, नेताम, रामसिग ओटी सहित युवाओं ने शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

विधायक रोहित साहू ने सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण किया

महिने में दो बार सोनाग्राफी करने की जानकारी का प्रचार प्रसार करें : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में राजिम विधायक रोहित साहू ने औचक निरीक्षण किया जहां पर उपस्थित पंजी का निरीक्षण कर स्टाप की जानकारी ली। वहीं पर मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। डिलवरी रूम के एक ही वार्ड चार बच्चों के जन्म पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके सभी माताओं एवं परिवार के लोगों से चर्चा की। चर्चा में पूछा कि यहां पर स्वास्थ सेवा ठीक है कि नहीं? भोजन मिलता है कि नहीं, स्टाप का व्यवहार सही रहता है कि नहीं? जिसमे मरीजों ने सभी प्रश्नों का हां में जवाब दिया। सोनो ग्राफी को लेकर कहा कि महिने मे दो बार महिने के 9 एवं 24 तारिख को सोनाग्राफी की जाती है जिसका प्रचार प्रसार किया जाए एवं अस्पताल के बाहर तिथिवार बोर्ड लगाया जाए जिससे सोनोग्राफी कराने वाले हितग्राहियों को परेशानी न हो।

ज्ञात हो कि सोनोग्राफी की व्यवस्था विधायक के पहल पर हुआ है जिससे लोगों को लाभ मिलना जारी हुआ है।उन्होंने स्टाप से कहा कि पंजी में उपस्थित होने के बाद हस्ताक्षर नहीं होना गलत बात है समय पर हस्ताक्षर करें।जो छुट्टी में है उनका सीएल लगाएं। सभी समय पर आकर क्षेत्र में आए हमारे माता बहनों सहित लोगों का अच्छा से अच्छा ईलाज करें। उन्होंने नवजात शिशुओं के माताओं को सगुन के तौर पर 500/की राशि देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज खटकर, फार्मासिस्ट अंजना साहू, विमला साहू, चंचल, उत्तम साहू सहित स्टाप एवं भाजपा कार्यकर्ता राजू साहू, जगदीश यादव, भुवन साहू, ओमप्रकाश साहू, किशोर साहू, राकेश सिन्हा,आदिलोग उपस्थित थे।

कोमल करेली बड़ी स्कूल के बने प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधानपाठक कोमल साहू का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में प्राचार्य के रूप में पदस्थ होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सरपंच केवरा साहू, संकुल प्राचार्य मोहन-ज्योति साहू, योगेश साहू, चेतन साहू, ओमप्रकाश निषाद, हेमलाल साहू मौजूद थे। सभी ने अपनी शुभकामना दी। इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया।